हरिभूमि-
# कांकेर भूमि
रायपुर, रविवार, 28 दिसंबर 2025

तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 11.0 डिग्री

14 छोटेकापसी के सम्मेलन में गूंजा 'हिंदू जागा...



14 धान खरीदी केंद्र गोड़पाल का विधायक सावित्री ने...








## खबर संक्षेप

### नव नियुक्त अध्यक्ष बसंत का कांग्रेसियों ने किया स्वागत



**भानुप्रतापपुर।** कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बनने के उपरांत बसंत यादव पहली बार भानुप्रतापपुर पहुँचे, जहाँ पर कांग्रेसियों ने उनका स्वागत किया। उन्होने कहा कि अनुशासन, समर्पण और सामूहिक प्रयास से ही कांग्रेस जनता का विश्वास जीत सकती है। इस अवसर पर विधायक सावित्री मंडावी, प्रदेश उपाध्यक्ष बीरेश ठाकुर, सचिव जनक नंदन कश्यप, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष हेमंत ध्रुव, राजकुमार ठाकुर, अमृत संचेती, सुनील बबला पाढ़ी, ब्लॉक अध्यक्ष बीरेंद्र ठाकुर, नंदू राठी, जनपद अध्यक्ष सुनाराम तेता,नमन झावक, गोपाल राठी, मनीष टेम्पा योगी, राजेश तिवारी, आकाश यदु, कृष्णा टेकाम, चेतन मरकाम,अमर कचलाम, गुरदीप सिँह ढींढसा, श्याम शुक्ला, जीतेन्द्र बेंजामिन एवं समस्त कांग्रेसी उपस्थित रहे।

### अधेड़ ने फाँसी लगा की आत्महत्या

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र के ग्राम आसुलखार एवं शाहकट्टा के जंगल में एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक का नाम प्रीत राम नाग पिता गुलाब सिंह उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम आसुलखार बताया गया है। घटना की जानकारी पुलिस को 26 दिसंबर को मिली। परिजनों के अनुसार मृतक के पुत्र विजय कुमार नाग पिता प्रीतराम नाग ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मामले की जांच जारी है।

### कोसरिया गाड़ा समाज का आज प्रदेश स्तरीय सम्मेलन

**भानुप्रतापपुर।** कोसरिया गाड़ा समाज द्वारा प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन 28 दिसंबर को सरस्वती शिशु मंदिर मैदान भानुप्रतापपुर में होगा, जिसमें मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मंडावी, समाज के प्रदेश अध्यक्ष कन्हैयालाल कचलाम, विशेष अतिथि नपं अध्यक्ष निखिल राठौर, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के सचिव कपिल देव दीपक, जनपद अध्यक्ष सुनाराम तेता, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी, प्रदेश संरक्षक टीकम टांडिया, उमाकांत टांडिया, पार्षद विजय धमेचा रहेंगे।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**कांकेर।** परतापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 26 दिसंबर को दोपहर में मण्डागांव से मेंड्रा जाने वाली सड़क टेकरी के पास 7 किमी. दक्षिण-पूर्व दिशा में हुई दुर्घटना में माहला निवासी रूपेश कोमरे पिता शिवलाल की मौत हो गई। माहला निवासी मृतक के पिता की शिकायत पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### वार्षिक देव मड़ई का आयोजन जनवरी में

**दुर्गूकोंदल।** ग्राम राऊरवाही में 8 जनवरी को वार्षिक देव मडई मेला आयोजित की जाएगी। जिसमें आस पास के देवी देवता शामिल होंगे।मेला अवसर पर रात्रिकालीन में नाचा पार्टी भूपेश प्रकाश साल्हे टोला चारामा की प्रस्तुति होगी। आयोजन की तैयारी में विश्राम कोमरा, मेहललाल उयके,एवं ओमप्रकाश कोमरे सहित ग्रामीण जुटे हुए हैं।

---

**कैंप : सरहद की सुरक्षा और ग्रामीणों की सेवा से जीता भरोसा**

# बीएसएफ निशुल्क मेडिकल कैंप पिंडकसा में सैकड़ों ग्रामीणों का उपचार व दवाइयां बांटीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

- कार्यवाहक कमांडेंट मनोज कंसाना के नेतृत्व में शिविर हुआ आयोजित
- सरहद के सिपाही बने गांव के मसीहा, पिंडकसा में बीएसएफ का मानवता भरा अभियान

सीमा पर देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाने वाली सीमा सुरक्षा बल यानी बीएसएफ अब सुदूर अंचलों में मानवता और सेवा की मिसाल भी बन रही है। जिले के नक्सल प्रभावित और दूरस्थ क्षेत्र पखांजूर अंतर्गत ग्राम पिंडकसा में बीएसएफ द्वारा आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर ने यह साबित कर दिया कि सुरक्षा बल केवल बंदूक ही नहीं, बल्कि करुणा और संवेदना के साथ भी जनता के साथ खड़े हैं। ग्रामीणों के चेहरे पर स्वास्थ्य के साथ उम्मीद और विश्वास की मुस्कान लाने वाला यह शिविर बीएसएफ की सराहनीय सामाजिक पहल के रूप में याद किया जाएगा। 94 वीं बटालियन बीएसएफ द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम 2025-26 के तहत 26 दिसंबर को ग्राम पिंडकसा के प्राथमिक स्कूल भवन में एक विशाल निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक चला, जिसमें पिंडकसा सहित आसपास के कई गांवों के ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का सफल आयोजन कार्यवाहक कमांडेंट मनोज कंसाना के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में किया गया। इस चिकित्सा शिविर में बीएसएफ के अनुभवी चिकित्सकों और मेडिकल स्टाफ की टीम ने अपनी सेवाएं दीं। डॉ. मोहित कुमार के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने ग्रामीणों की संपूर्ण स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। शिविर में कुल 372 ग्रामीणों का उपचार किया गया, जिनमें 180 पुरुष, 120 महिलाएं और 72 बच्चे शामिल थे। ग्रामीणों की सामान्य बीमारियों के साथ-साथ मौसमी रोगों, त्वचा रोग, सर्दी-खांसी, बुखार, रक्तचाप और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं की जांच की गई।






### हजारों रुपए की दवाइयां मुफ्त वितरित

स्वास्थ्य जांच के बाद जरूरतमंद मरीजों को लगभग 48,739 रुपए मूल्य की दवाइयां पूरी तरह निःशुल्क वितरित की गईं। ग्रामीणों के लिए यह शिविर किसी वरदान से कम नहीं रहा, क्योंकि दूरस्थ क्षेत्रों में आज भी स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच सीमित है। बीएसएफ द्वारा मौके पर ही दवा उपलब्ध कराए जाने से ग्रामीणों को शहरों की ओर भटकने से राहत मिली।

### जनप्रतिनिधियों की रही विशेष मौजूदगी

कार्यक्रम के दौरान कमांडेंट महेंद्र सिंह, देवेंद्र कुमार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। कुरेनार पंचायत के सरपंच निरंगुराम गोटा एवं पडिंगा पंचायत के सरपंच रायजू राम आंचला ने शिविर में पहुंचकर बीएसएफ के इस जन-कल्याणकारी कार्य की खुले दिल से सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर सुदूरवर्ती और आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को मजबूत करते हैं और ग्रामीणों का भरोसा प्रशासन एवं सुरक्षा बलों के प्रति और बढ़ता है।

### मानवता की सेवा में बीएसएफ

बीएसएफ द्वारा आयोजित यह निःशुल्क चिकित्सा शिविर न केवल एक स्वास्थ्य कार्यक्रम था, बल्कि यह बीएसएफ और स्थानीय जनता के बीच आपसी विश्वास, भाईचारे और सहयोग का मजबूत उदाहरण भी बना। ऐसे प्रयास निश्चित रूप से सुदूर और संवेदनशील क्षेत्रों में विकास, शांति और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाते हैं। पिंडकसा में लगा यह मेडिकल कैंप साबित करता है कि बीएसएफ देश की सीमाओं के साथ-साथ देशवासियों के जीवन की सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए भी पूरी निष्ठा से कार्य कर रही है।

---

### अनियंत्रित माजदा की ठोकर से बाइक चालक युवक की मौत




**कांकेर।** कांकेर जिले के परतापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सड़क दुर्घटना में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना को लेकर मृतक के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम माहला निवासी 45 वर्षीय शिवलाल कोमरे पिता स्व. हिरंगू कोमरे ने परतापुर थाना में रिपोर्ट दर्ज करने के दौरान पुलिस को बताया कि उनका मंझला पुत्र रूपेश कोमरे 25 दिसंबर 2025 को दोपहर करीब 2 बजे अपनी मोटरसाइकिल टीवीएस स्पोर्ट क्रमांक सीजी 17 बी 7365 से मजदूर तलाशने के लिए घर से निकला था। रात में वह ग्राम घोटिया बड़गांव में रुका हुआ था। इसके उपरांत 26 दिसंबर को दोपहर में रूपेश कोमरे ग्राम घोटिया से अपने घर ग्राम माहला लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम मंडागांव से मेंडरा जाने वाली पक्की सड़क पर टेकरी के पास दोपहर को लगभग 2 बजकर 10 मिनट पर पहुंचा था, तभी विपरीत दिशा से आ रही माजदा आयसर वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएस 4947 के चालक ने तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सामने से मोटरसाइकिल को जोरदार ▶▶| शेष पेज 12 पर

---

## ट्रैक्टर ने मारी ठोकर, बाइक सवार पिता-पुत्री हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



बांदे थाना क्षेत्र तिरलगढ़ निवासी गांगूराम पद्दा अपनी मोटरसाइकिल से बांदे से घर लौट रहे थे, उनके साथ उनकी पुत्री लिंगी पद्दा भी सवार थी। जैसे ही वे मेन रोड पीव्ही 83 पर कार्तिक राय के घर के सामने पहुंचे, सामने से आ रहे लाल रंग के महिंद्रा ट्रैक्टर ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनो घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 19 बीयू 5182 को सूरज मंडल पिता रविन्द्र मंडल निवासी कापसी चला रहा था। आरोप है कि चालक ने ट्रैक्टर को तेज और लापरवाहीपूर्वक चलाया, जिससे मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीयू 1846 से सीधी भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में गांगूराम पद्दा और उनकी पुत्री दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। गांगूराम के दाहिने हाथ और पैर में गंभीर चोटें आईं, जिनमें हड्डी टूटने की पुष्टि हुई, जबकि उनकी पुत्री को दाहिने हाथ और पैर में साधारण चोटें आईं। दुर्घटना के बाद परिजन घायलों को तत्काल शासकीय अस्पताल पखांजूर ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गांगूराम की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें धमतरी के एकता अस्पताल रेफर किया गया। वहां वे करीब 12 दिनों तक भर्ती रहकर उपचार कराते रहे। इलाज के बाद जब पीड़ित पक्ष घर लौटा, तब उन्होंने दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर और उसके मालिक की जानकारी जुटाई। बताया गया कि ट्रैक्टर मालिक बबलू मंडल निवासी पीव्ही 83 गोविंदपुर है। प्रारंभ में इलाज के खर्च को ▶▶| शेष पेज 12 पर

## उपभोक्ता आयोग का निर्णय, एलआईसी महिला को बीमी दावे का करे भुगतान




**कांकेर।** उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग कांकेर ने भारतीय जीवन बीमा निगम के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण निर्णय पारित करते हुए एक विधवा महिला को बीमा दावा दिलाने का आदेश दिया है। यह मामला ग्राम मानिकपुर, पोस्ट बुदेली, तहसील नरहरपुर निवासी स्वर्गीय हिमन सिंह कोर्राम से जुड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक ने भारतीय जीवन बीमा निगम से 21 फरवरी 2023 को 15 लाख रुपए की एक पॉलिसी तथा पूर्व में 19 नवंबर 2018 को 5 लाख रुपए की एक अन्य पॉलिसी ली थी, जिसमें 2 लाख रुपए का राइडर भी शामिल था। दोनों पॉलिसियों का अर्धवार्षिक प्रीमियम नियमानुसार जमा किया गया था। बीमा अवधि के दौरान 11 मई 2024 को हिमन सिंह कोर्राम का निधन हो गया। इसके बाद उनकी पत्नी चंद्रिका कोर्राम ने आवश्यक दस्तावेजों के साथ बीमा दावा प्रस्तुत किया, लेकिन एलआईसी द्वारा यह कहकर दावा अस्वीकार कर दिया गया कि बीमित व्यक्ति ने अपनी बीमारी छुपाई थी तथा वह मदिरा और धूम्रपान का आदी था। लंबे समय तक भुगतान न होने पर मृतक की पत्नी चंद्रिका कोर्राम ने जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद दायर किया।

मामले की सुनवाई उपरांत आयोग की अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजाता जैसवाल एवं सदस्य डाकेश्वर सोनी की पीठ ने एलआईसी को आदेश दिया कि वह 7 लाख रुपए एवं 15 लाख रुपए की बीमा राशि परिवाद प्रस्तुति दिनांक 21 मई 2025 से भुगतान की तिथि तक 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित एक माह के भीतर अदा करे। निर्धारित समय में भुगतान न होने की स्थिति में ब्याज दर 9 प्रतिशत होगी। इसके अतिरिक्त मानसिक, शारीरिक एवं आर्थिक क्षति के लिए कुल 40 हजार रुपए तथा मुकदमा खर्च के रूप में 10 हजार रुपए अलग से देने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## कोदापाखा पटवारी कार्यालय हुआ जर्जर हो रही किसानों की मुसीबत की अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/दुर्गूकोंदल



शासन जहां एक ओर डिजिटल इंडिया और प्रशासनिक पारदर्शिता की बात कर रहा है, वहीं दूसरी ओर दुर्गुकोंदल ब्लॉक अंतर्गत पटवारी हल्का नंबर 18 कोदापाखा का पटवारी कार्यालय बदहाली की कहानी बयां कर रहा है। करीब 45 वर्ष पूर्व 1980 के आसपास निर्मित यह भवन अब पूरी तरह जर्जर होकर खंडहर में तब्दील हो चुका है, जिसके कारण ग्रामीणों और किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कोदापाखा स्थित यह पटवारी कार्यालय भवन इस कदर जर्जर हो चुका है कि इसमें बैठना जान जोखिम में डालने जैसा हो गया है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार बरसात के दिनों में छत से लगातार पानी टपकता रहता है, वहीं तेज बारिश में पानी सीधे कार्यालय के भीतर भर जाता है। दीवारें जगह-जगह से टूट चुकी हैं और भवन कभी भी धराशायी हो सकता है। ऐसे में न तो पटवारी यहां बैठकर कार्य कर पा रहे हैं और न ही राजस्व से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेजों को सुरक्षित रखा जा सकता है। भवन की इस दयनीय स्थिति के कारण पटवारी को मजबूरी में कार्यालय छोड़कर कभी चौक-चौराहों तो कभी खुले स्थानों पर बैठकर ग्रामीणों के राजस्व संबंधी कार्य निपटाने पड़ते हैं। इससे किसानों को पटवारी को ढूंढने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है। भूमि रिकॉर्ड, नामांतरण, खसरा-खतौनी, सीमांकन जैसे जरूरी कार्यों के लिए ग्रामीणों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है, जिससे उनका समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहा है। इस गंभीर समस्या ▶▶| शेष पेज 12 पर

### दिक्कतों का करना पड़ता है सामना

हल्का नंबर 18 के पटवारी ने भी भवन की जर्जर स्थिति को स्वीकार करते हुए बताया कि यह भवन अब पूरी तरह असुरक्षित हो चुका है। उनके अनुसार ऐसी हालत में न तो नियमित रूप से कार्यालय संचालित करना संभव है और न ही किसानों को समय पर सेवाएं दी जा पा रही हैं। भवन के अभाव में उन्हें भी कई तरह की व्यावहारिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

---

**ग्रामीणों ने कहा- विधायक के प्रयास से यह संभव हो सका**

## रिसेवाड़ा को मिला विकास का नया संबल, सिंचाई व्यवस्था होगी मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



विकासखंड नरहरपुर के ग्राम रिसेवाड़ा में 5 करोड़ 76 लाख की लागत से होने वाले जलाशय जीर्णोद्धार एवं नहर लाइनिंग निर्माण कार्यों का भूमिपूजन विधायक आशाराम नेताम ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में किया। इस शुभारंभ से ग्रामीणों और किसानों में नई उम्मीद और उत्साह का संचार हुआ। विधायक आशाराम नेताम ने भूमिपूजन करते हुए कहा कि 576.37 लाख की लागत से किए जाने वाले यह विकास कार्य क्षेत्र की सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने में मील का पत्थर साबित होगा। जलाशय के जीर्णोद्धार और नहर लाइनिंग से किसानों को नियमित एवं पर्याप्त जल उपलब्ध होगा, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी और ग्राम रिसेवाड़ा आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त बनेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ग्रामीण विकास, किसान कल्याण और जल संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतर कार्य कर रही है। ग्राम रिसकवाड़ा में प्रारंभ हुए यह निर्माण कार्य विकसित गांव-समृद्ध किसान की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक मजबूत आधार सिद्ध होंगे। भूमिपूजन के साथ ही ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए लाभकारी बताया और सरकार व जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, भारतीय जनता पार्टी के समस्त पदाधिकारीगण, कर्मठ कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की सहभागिता ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि जब विकास में जनभागीदारी होती है, तब परिणाम भी दूरगामी और प्रभावी होते हैं।

### सिंचाई क्षमता में वृद्धि होना तय

जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता धर्मेंद्र मेश्राम ने कहा कि ग्राम रिसेवाड़ा में जलाशय जीर्णोद्धार एवं नहर लाइनिंग के यह कार्य तकनीकी मानकों के अनुरूप और निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएंगे। इन कार्यों से जल की बर्बादी रुकेगी, सिंचाई क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और किसानों को नियमित व सुनिश्चित जल उपलब्ध हो सकेगा। विभाग का उद्देश्य है कि इस परियोजना के माध्यम से क्षेत्र की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक मजबूती प्रदान की जाए।

## वंदे मातरम् स्थल पर सायंकालीन भारत माता आरती में दिखा उत्साह





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नगर के ऐतिहासिक वंदे मातरम् स्थल पर गुरूवार की देर शाम ठीक साढ़े 5 बजे भारत माता की भव्य आरती का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर पूरा परिसर देशभक्ति के नारों, मंत्रोच्चार और दीपों की रोशनी से आलोकित हो उठा। जैसे ही आरती प्रारंभ हुई, वंदे मातरम् और भारत माता की जय के गगनभेदी जयघोष से वातावरण भावविभोर हो गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा, महिलाएं, वरिष्ठजन एवं बच्चे उपस्थित रहे। वंदेमातरम् स्थल पर उपस्थ्ज्ञित सभी ने दीप प्रज्वलित कर भारत माता की आराधना की और राष्ट्र की एकता, अखंडता और समृद्धि की कामना की। आरती के दौरान देशभक्ति गीतों की मधुर प्रस्तुति ने लोगों के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को और अधिक प्रबल कर दिया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### बुजुर्ग महिला को दुबे ट्रेवल्स की बस ने मारी टक्कर

**फरसगांव।** नेशनल हाईवे 30 फरसगांव नगर के अस्पताल चौक में शनिवार की दोपहर करीब 1 बजे जगदलपुर से रायपुर की ओर जा रही दुबे ट्रेवल्स की बस क्रमांक सीजी 04 एमएल 9682 ने रोड पार कर रही बुजुर्ग महिला को टक्कर मार दी। बस की टक्कर से महिला घायल हो गई, जिसे मौके पर उपस्तिथ लोगों ने उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल पहुंचाया। घायल महिला की पहचान ग्राम कांदबेड़ा निवासी सनवारिन के रूप में हुई है। घटना के बाद बस चालक बस को फरसगांव थाने में ले जाकर खड़ी कर दिया है। घायल बुजुर्ग महिला के सर में गम्भीर चोट आने से उसे बेहतर उपचार के लिये जिला अस्पताल रिफर किया गया।

### 82 श्रमिकों का हुआ पंजीयन व नवीनीकरण



**कोण्डागांव।** जिले में निर्माण श्रमिकों एवं असंगठित कर्मकारों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से विकासखंड कोंडागांव के ग्राम पंचायत हंगवा में मोबाइल श्रम पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन कार्यालय श्रम पदाधिकारी, जिला कोण्डागांव द्वारा किया गया, जिसमें कुल 82 श्रमिकों का पंजीयन एवं नवीनीकरण किया गया। शिविर के दौरान श्रमिकों को श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इसमें नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, मिनीमाता महतारी जतन योजना, नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना सहित अन्य योजनाओं के लाभ, पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की गई। अधिकारियों ने श्रमिकों से अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन एवं नवीनीकरण कराकर शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

# कोकोड़ाजुगानार में हुई पंचायत स्तरीय प्रो-कबड्डी व वॉलीबॉल प्रतियोगिता

## कबड्डी में पुरुष वर्ग में झाटीबन और महिला वर्ग में सोड़मा की टीम रही विजयी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरसगांव

विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोकोड़ाजुगानार में युवा संगठन द्वारा पंचायत स्तरीय प्रो-कबड्डी व बॉलीवाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसका समापन शुक्रवार की रात किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में फाइनल मैच झाटीबन और अरंडी के मध्य हुआ जिसमें झाटी बन की टीम विजयी हुई। झाटीबन टीम को प्रथम पुरुस्कार 12000 रुपए और उपविजेता टीम अरंडी को 6000 रुपए दिया गया। वही महिला वर्ग में फाइनल मैच सोड़मा और मुल्ले के मध्य हुआ जिसमें सोड़मा की टीम विजयी हुई। विजेता टीम सोड़मा को प्रथम पुरस्कार 4000 हजार और उपविजेता टीम मुल्ले को 2000 हजार दिया गया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में फाइनल मैच सिरसीकलार और छिंदलीबेड़ा के मध्य खेला गया। जिसमें सिरसीकलार की टीम विजयी हुई । विजेता टीम सिरसीकलार को 5000 और उपविजेता टीम छिंदलीबेड़ा को 3000 दिया गया।



### भारत की संस्कृति का एक हिस्सा है कबड्डी: नाग

इस प्रतियोगिता के समापन के दौरान जिला पंचायत सदस्य जयलाल नाग ने संबोधित करते हुए कहा की आज कबड्डी सिर्फ एक खेल नहीं है, बल्कि यह भारत की संस्कृति का एक हिस्सा है। जो हमें शारीरिक फिटनेस, मानसिक चुस्ती और सबसे बढ़कर टीम वर्क का पाठ सिखाता है। खेल युवा जीवन को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से बेहतर बनाता है, जिससे आत्मविश्वास, अनुशासन, टीमवर्क, नेतृत्व और जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने की क्षमता विकसित होती है। खेल शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार करते हैं और मानसिक स्वास्थ्य के लिए तनाव कम करते हैं। वहीं टीम वर्क और मैत्रीपूर्ण प्रतिस्पर्धा से सामाजिक कौशल बढ़ते हैं। प्रो कबड्डी ने कबड्डी को छोटे गांवों और गलियों से निकालकर लोगों के घरों तक पहुंचाया है। यह खेल अब भारत का एक बड़ा स्पोर्ट्स ब्रांड बन गया है और यह युवाओं को प्रेरित कर रहा है।

### ये रहे उपस्थित

प्रतियोगिता के समापन के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष हीरा सिंह नेताम, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मतलाम, जिला पंचायत सदस्य कपिलकांत नाग, ग्राम कोकोड़ाजुगानार सरपंच बसंती नाग, उपसरपंच राज बाई नाग, सोमनाथ पोटाई, बुधसन मरापी, लच्छीराम नाग सहित गांव युवा संगठन के लोग और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे ।

## हानपतरी पंचायत के आश्रित ग्राम आमागढ़ में निर्माणाधीन बाजार सेट पर विवाद

# भाजपा व सरपंच संघ की संयुक्त बैठक में ठेकेदारी प्रथा के खिलाफ एकजुटता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गुकोंदल

विश्रामगृह दुर्गुकोंदल में 27 दिसंबर को सरपंच संघ एवं भाजपा मंडल दुर्गुकोंदल की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य विषय ग्राम पंचायत हानपतरी के आश्रित ग्राम आमागढ़ में निर्माणाधीन बाजार सेट को लेकर उत्पन्न विवाद रहा। बैठक में सरपंच संघ एवं भाजपा संगठन के पदाधिकारियों ने एक स्वर में ग्राम पंचायत के अधिकारों की रक्षा करने और ठेकेदारी प्रथा का विरोध करने का संकल्प लिया।

बैठक में ग्राम के सरपंच शिवलाल ध्रुव ने बताया कि आमागढ़ में शासन द्वारा बाजार सेट निर्माण के लिए 19.80 लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस कार्य की एजेंसी विधिवत रूप से ग्राम पंचायत हानपतरी को दी गई है। इसके बावजूद शिवसेना नेता द्वारा जबरन निर्माण सामग्री गिरवाकर कार्य करवाने तथा भुगतान के लिए दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है, जो नियमों के विपरीत है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में ग्राम पंचायत और सरपंच को बेवजह बदनाम किया जा रहा है। सरपंच ने यह भी स्पष्ट किया कि भाजपा मंडल महामंत्री का इस निर्माण कार्य से किसी प्रकार का कोई लेनदेन या संबंध नहीं है। इसके बावजूद उनके ऊपर निराधार आरोप लगाए जा रहे हैं, जो पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने इसे राजनीतिक द्वेष और ग्राम पंचायत को कमजोर करने का प्रयास बताया। सरपंच संघ की अध्यक्ष शकुंतला नरेटी ने बैठक में कहा कि आमागढ़ में बाजार सेट की स्वीकृति शासन द्वारा ग्राम पंचायत को दी गई है और निर्माण कार्य कराने का पूरा अधिकार सरपंच का होता है। किसी भी ठेकेदार या बाहरी व्यक्ति को इसमें हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरपंच संघ इस मामले में ग्राम पंचायत हानपतरी के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है और ठेकेदारी प्रथा को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंडल अध्यक्ष, जनपद सदस्य पीलम नरेटी, विजय पटेल तथा अशोक जैन ने संयुक्त रूप से कहा कि भाजपा मंडल महामंत्री पर लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह निराधार हैं। निर्माण कार्य की एजेंसी ग्राम पंचायत है और कार्य सरपंच के माध्यम से ही कराया जाएगा।



आयोजित बैठक में तुकाराम पटेल, रघुनाथ मंडावी, जोहन गावड़े, तुलसी मतलामी, मुकेश कुमार नरेटी, राजलाल आचला, जवाहर ठाकुर, बृजलाल पुडो, नंदु खरे, नामदेव मरकाम, रामप्रसाद पुंगाटी, शितेंद्रे पुंगाटी, कृष्ण कुमार दुग्गा, दुष्यंत वाडिया, गौतम कोटिंगला, साधना सहारे, वीरेंद्र जैन, सतीश जैन, रामलाल जैन, राहुल जामुककर, अशोक ध्रुव, विजय कोमरा, रतेश मंडावी, दीपक पुडो, इशु जनक आरदे, चिमन यादव, मिलाप बघेल, जगनाथ आचला, कृष्ण नागवंशी, तुलसीग पुडो सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं सरपंच संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

# अटल परिसर का सीएम साय ने किया वर्चुअल लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की 101वीं जयंती के अवसर पर कोंडागांव नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत बंधा तालाब गार्डन के पास 30 लाख रुपये की लागत से निर्मित अटल परिसर का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के कुल 115 नगरीय निकायों में निर्मित अटल परिसरों का एक साथ वर्चुअल लोकार्पण किया गया, जिसमें उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन विभाग के भारसाधक मंत्री सहित अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। कोंडागांव में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए



उनके दूरदर्शी नेतृत्व, सादगी एवं देश के विकास में योगदान को याद किया। नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी ने कहा कि अटल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुआ, जिससे क्षेत्र की वर्षों पुरानी जनआकांक्षाएं पूर्ण हुईं। कार्यक्रम में मनोज जैन, दीपेश अरोरा, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन जयंत सिन्हा, एसडीएम अजय उरांव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश डे सहित पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

### सुशासन दिवस पर जनकल्याणकारी शिविरों का आयोजन

सुशासन दिवस के अवसर पर मोबाइल मेडिकल यूनिट से स्वास्थ्य जांच की गई तथा प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना और राशन कार्ड से संबंधित आवेदन शिविर लगाए गए।

# सीपीआई जिला परिषद ने मनाया 100वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सीपीआई जिला परिषद कोंडागांव द्वारा पार्टी का 100वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम चिखलपुटी में सीपीआई एवं संघर्ष के प्रतीक हंसिया–हथौड़ा अंकित लाल झंडा फहराकर की गई। इस दौरान लाल सलाम के गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। कार्यक्रम में राज्य परिषद सदस्य कामरेड तिलक, जिला सचिव कामरेड शैलेष, सहायक सचिव जयप्रकाश, दिनेश, सोमारु, बिसम्बर, सरादू, दुबेश, रामसिंग, अनुराधा सहित विभिन्न गांवों से आए कम्युनिस्ट साथी उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने बताया कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना 26 दिसंबर 1925 को कानपुर में हुई थी। स्थापना के साथ ही पार्टी ने स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर आज तक मजदूरों, किसानों, महिलाओं एवं मेहनतकश वर्गों के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष किया है। पार्टी के संघर्षों के कारण ही आज लोकतांत्रिक अधिकारों की मजबूत नींव पड़ी है।

### फरस निकाली गई उत्सव यात्रा

लाल झंडा फहराने के पश्चात चिखलपुटी से जिला मुख्यालय कोंडागांव होते हुए जनपद मुख्यालय फरसगांव तक चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों से उत्सव यात्र निकाली गई। रैली के दौरान कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया जिंदाबाद और लाल सलाम के नारों से वातावरण जोशीला बना रहा।

### मिष्ठान वितरण के साथ हुआ समापन

उत्सव यात्रा के फरसगांव से पुनः चिखलपुटी पहुंचने पर उपस्थितजनों के बीच मिष्ठान वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल हुए।

# बोगर हल्बा समाज भवन के लिए की विधायक ने 10 लाख देने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर के ग्राम बोगर में अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज द्वारा 26 दिसंबर को शक्ति दिवस का आयोजन पूरे श्रद्धा और सामाजिक एकता के साथ किया गया। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य संगठित होकर पारंपरिक सामाजिक रीति-रिवाजों के अनुसार विधिवत पूजा-अर्चना की गई। शक्ति दिवस समारोह के दौरान विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज सदियों से अपनी संस्कृति, परंपरा और देवी-देवताओं



की आस्था के साथ देश और समाज के लिए बलिदान देता आया है। उन्होंने कहा कि शक्ति दिवस केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, आत्मबल और ऐतिहासिक चेतना का प्रतीक है। आज की पीढ़ी को अपने इतिहास, शहीदों और सांस्कृतिक मूल्यों को जानना और समझना अत्यंत आवश्यक है, जिससे समाज में आत्मगौरव की भावना पैदा होती है और युवाओं को सही दिशा मिलती है। उन्होंने हल्बा समाज भवन ग्राम बोगर के लिए 10 लाख की घोषणा किया। कार्यक्रम में सर्व आदिवासी समाज जिला उपाध्यक्ष ज्ञान सिंह गौर, सरपंच दुलेश्वरी गौर, जनपद सदस्य लोकेश्वरी कमलेश निषाद, सुनील बबला पाढ़ी, पार्षद प्रिय निकेश सिंह ठाकुर, उप सरपंच रुद्र प्रताप निषाद, रवि दुग्गा, रघुवीर भुवार्या, पुनऊ राम भुवार्य, माखन खड़हे, तुलसी भुवार्य, मन्नू राम कोमा, भादू राम लिडिया, कैलाश पिदा, लालचंद कोठारी, मानसिंह कोठारी, गणेश रावते, ठाकुर राम भुवार्य, सुखीत बरसेल, वार्ड पंच खोरबाहरू भुवार्य, उमेद खडहे, मिनाक्षी खडहे, भूपेश कोमा, परमेश्वरी गौर, मदन कोमा, अंजनी भुवार्य, गोमती पीददा, रिशु पिद्दअ, पवन भुवार्य, अरुण कोठारी, समस्त ग्रामवासी एवं नागरिक उपस्थित हुए।

# सुशासन सप्ताह के तहत ग्राम बाड़ागांव में 'प्रशासन गांव की ओर' शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव

भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग द्वारा सुशासन सप्ताह गुड गवर्नेन्स वीक के अंतर्गत 19 से 25 दिसंबर तक राष्ट्रव्यापी 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को बड़ेराजपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बाड़ागांव में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ निराकरण के निर्देश दिए। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणजनों से उनकी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि शेष आवेदनों के शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए।



### ग्रामीणों की रही उत्साहपूर्ण भागीदारी

शिविर में जनपद सदस्य मनाराम नेताम, सरपंच बुधमन मरकाम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिविर में सहभागिता कर शासन की योजनाओं और प्रशासनिक सेवाओं का लाभ लिया। यह शिविर शासन की उस पहल का उदाहरण है, जिसके माध्यम से प्रशासन को सीधे गांवों तक पहुंचाकर आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।

तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य को तय समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश

# कलेक्टर ने किया बंधुआ तालाब और सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारायणपुर

कलेक्टर नम्रता जैन ने शहर के बीच में स्थित बंधुआ तालाब एवं नया बस स्टैंड स्थित सामुदायिक शौचालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बंधुआ तालाब में चल रहे वॉकवे निर्माण कार्य का जायजा लिया और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष कोर्राम ने कलेक्टर को जानकारी दी कि 52 एकड़ क्षेत्र में फैले बंधुआ तालाब के चारों ओर लगभग 1600 मीटर लंबा वॉकवे निर्माणाधीन है। इस पर कलेक्टर ने निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर जैन ने ठेकेदार से निर्माण की प्रगति की जानकारी लेते हुए आगामी सोमवार से पेवर ब्लॉक का कार्य प्रारंभ करने, दोनों ओर से एक साथ कार्य बढ़ाने तथा मजदूरों की संख्या में वृद्धि कर एक सप्ताह के भीतर स्पष्ट प्रगति दिखाने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सीएमओ को तालाब की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने और सौंदर्यीकरण कार्य को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए।



इसके पश्चात कलेक्टर नम्रता जैन ने नया बस स्टैंड स्थित सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण कर साफ-सफाई, पानी की उपलब्धता सहित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने दो नवनिर्मित शौचालय भवनों को शीघ्र हैंडओवर कर संचालन में लाने तथा एक भवन को महिलाओं के लिए आरक्षित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम नारायणपुर अभयजीत मण्डावी, नगर पालिका के अभियंता सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कोयलीबेड़ा स्वास्थ्य केंद्र में 108 एंबुलेंस उपलब्ध कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोयलीबेड़ा

कोयलीबेडा क्षेत्र में आए दिन दुर्घटनाएं और आकस्मिक स्वास्थ्य संबंधी गंभीर स्थितियाँ सामने आती हैं, लेकिन क्षेत्र में 108 एंबुलेंस की अनुपलब्धता के कारण मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है, जिससे कई बार लोगों की जान पर बन आती है। उक्त बातें आप के यूथ विंग के जिलाध्यक्ष बारसू हुपेंडी ने कही।



आप के यूथ विंग के जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के कारण ग्रामीणों को गंभीर संकट का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों को कई किलोमीटर तक निजी वाहन जैसे चार पहिया वाहन, मोटर सायकल, चार पाई आदि संसाधन से अस्पताल पहुँचाना पड़ता है, जो न केवल असुरक्षित है, बल्कि समय की बर्बादी भी होती है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कोयलीबेडा स्वास्थ्य केंद्र में शीघ्र 108 एंबुलेंस की सुविधा बहाल नहीं की गई, तो आम आदमी पार्टी क्षेत्र के जनता के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी। उन्होंने जिला प्रशासन से तत्काल संज्ञान लेते हुए एंबुलेंस सेवा बहाल करने की मांग की है।

## विश्व उपभोक्ता दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

# विद्यार्थियों को उपभोक्ता अधिकारों व कानूनों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव

विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव द्वारा विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव श्रीमती किरण चतुर्वेदी के मार्गदर्शन तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती गायत्री साय के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। शिविर का आयोजन एनएसएस कैम्प बडेकनेरा में किया गया, जिसमें प्रतिधारक अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्ट एवं अधिकार मित्रें की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उपभोक्ता अधिकारों, कर्तव्यों एवं उपभोक्ता संरक्षण कानूनों की मूलभूत जानकारी प्रदान कर उन्हें जागरूक एवं जिम्मेदार उपभोक्ता बनाना रहा।



### संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रशासन ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों में कानूनी समझ विकसित करने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम का समापन उपभोक्ता अधिकारों के प्रति सदैव जागरूक रहने के संकल्प के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, अधिकार मित्र रंजन कुमार बैध, तीरथ वास, मानिकपुरी, एनएसएस के स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### अधिवक्ता ने बताया उपभोक्ता संरक्षण कानून का महत्व

शिविर में अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्ट ने अपने संबोधन में कहा कि उपभोक्ता अधिकारों की जानकारी प्रत्येक नागरिक, विशेषकर विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आवश्यक है, जिससे वे भविष्य में किसी भी प्रकार के शोषण से स्वयं की रक्षा कर सकें। उन्होंने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, शिकायत निवारण प्रक्रिया तथा जागरूक उपभोक्ता बनने के महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट, बाल श्रम, बाल विवाह, दैनिक जीवन से जुड़े कानूनी विषयों, ऑनलाइन खरीदारी में सावधानियाँ, भ्रामक विज्ञापनों से बचाव तथा विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

## पेज 11 के शेष

### अनियंत्रित माजदा की...

टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि दुर्घटना में रूपेश कोमरे के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। परिजन एवं स्थानीय लोगों द्वारा उसे तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है, वहीं मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रार्थी शिवलाल कोमरे ने रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि माजदा आयसर वाहन चालक द्वारा तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण यह दुर्घटना घटित हुई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर संबंधित वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है तथा मामले को विवेचना में लिया गया है।

### ट्रैक्टर ने मारी...

लेकर आपसी चर्चा हुई, लेकिन बाद में ट्रैक्टर मालिक ने सहयोग से इनकार कर दिया। इसके चलते पीड़ित परिवार ने 26 दिसंबर को बांदे थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना बांदे में दर्ज रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक सूरज मंडल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 एवं 125(ए) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कोदापाखा पटवारी...

को लेकर क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल नए पटवारी कार्यालय भवन की स्वीकृति दी जाए। ग्रामीणों का कहना है कि नया और सुरक्षित भवन बनने से न केवल राजस्व कार्यों में सुगमता और पारदर्शिता आएगी, बल्कि किसानों को भी बड़ी राहत मिलेगी।

### वंदे मातरम् स्थल...

भारत माता आरती का उद्देश्य समाज में राष्ट्रभक्ति, सांस्कृतिक चेतना और आपसी भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को देश के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध होता है और भारतीय संस्कृति से जुड़ाव मजबूत होता है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि भारत माता केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की आस्था और आत्मा हैं। उन्होंने देश के वीर सपूतों को नमन करते हुए कहा कि उनके बलिदान के कारण ही आज हम स्वतंत्र वातावरण में सांस ले पा रहे हैं। उन्होने सभी महिलाओं से अपील किया कि आपके आसपास पाँच ऐसे घर जो गरीब तबके के लोग रहते है, उनकी देखभाल करें और उनको दिक्कत हो तो मदद करें, ऐसा नहीं करने पर धर्मातरण करने वाले उस परिवार के पास पहुँचकर लोभ व लालच देकर धर्मांतरण करवा देंगे, इसे बचाने की जिम्मेदारी हम सबकी है। सभी नागरिकों को अपने-अपने क्षेत्र में ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य कर देश के विकास में योगदान देना चाहिए। वंदे मातरम् स्थल पर आयोजित भारत माता आरती न केवल एक धार्मिक आयोजन रहा, बल्कि यह देशप्रेम, एकता और सांस्कृतिक मूल्यों का सशक्त संदेश देने वाला प्रेरणादायी कार्यक्रम साबित हुआ। आरती के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया।

## खबर संक्षेप

### इन्टेक वेल ट्रीटमेंट प्लांट का कलेक्टर ने लिया जायजा

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने आज जिले की नेरली एवं धुरली समूह जल प्रदाय परियोजनाओं का स्थल निरीक्षण कर योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों से परियोजनाओं की तकनीकी स्थिति, वर्तमान चुनौतियों तथा भावी कार्य योजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने धुरली इन्टेक वेल जल प्रदाय योजना को शीघ्र प्रारंभ करने के उद्देश्य से इसके सभी तकनीकी पहलुओं का गहन मूल्यांकन करते हुए व्यावहारिक, टिकाऊ एवं दीर्घकालिक समाधान पर आधारित प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जल आपूर्ति व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जिससे ग्रामीणों को वर्षभर सुरक्षित, स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सके।

### भारतीय किसान संघ की कारली में हुई बैठक



**गीदम।** भारतीय किसान संघ जिला दंतेवाड़ा की संगठनात्मक बैठक गीदम ब्लॉक के ग्राम कारली में सम्पन्न हुई। बैठक में भारतीय किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष माधो सिंह ने कहा कि किसानों की समस्या को हम एकजुट होकर शासन प्रशासन के समक्ष रखें तो अवश्य कार्य सफल होगा। प्रांत मंत्री संगठन मनीष शर्मा ने कहा कि किसान संघ सभी गांवों में ग्राम समितियां बनाकर किसानों की समस्याओं का निराकरण करने तथा तहसील समितियों को प्रतिमाह बैठक कर सभी किसानों को जोड़ने की बात कही। भारतीय किसान संघ के प्रदेश महामंत्री नवीन शेष ने कहा कि किसानों को किसानी से कैसे लाभ मिले तथा दंतेवाड़ा जैसे जैविक जिले में किसानों का धान का समर्थन मूल्य दोगुना कैसे मिले तथा अन्य जैविक उत्पादों पर भी कैसे मूल्य प्राप्त हो इसको लेकर सभी किसानों को इस पर मंथन कर मांग करनी होगी। बैठक में भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष मधुसूदन ठाकुर, उपाध्यक्ष कमलोचन सेठिया, बारसूर तहसील अध्यक्ष विजाराम जुररी, दंतेवाड़ा तहसील अध्यक्ष भदरु राम नेताम, शैलेश अटामी, सावित्री कश्यप, विजय कश्यप मंगल यादव सहित अन्य गांव से आए किसान मौजूद रहे।

### बस्तर शांति, सद्भाव और सम्मान की धरती है: संजय

**सुकमा।** सामाजिक कार्यकर्ता संजय सोढ़ी ने कहा कि बस्तर मूलतः शांति-प्रिय क्षेत्र है, जहां सभी वर्गों और समाजों का सम्मान किया जाता है। यही बस्तर की असली पहचान और मूल स्वरूप है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मूलवासी आदिवासी समाज किसी भी समाज का विरोधी नहीं है, बल्कि बस्तर की आत्मा अपनापन और भाईचारा है। सोढ़ी ने चिंता जताते हुए कहा कि एक ओर सरकार नक्सल-मुक्त बस्तर की दिशा में आगे बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर राजनीतिक लाभ के लिए सामाजिक भेदभाव, वर्गीकरण और धर्मांतरण जैसे मुद्दों को हवा दी जा रही है, जो बस्तर के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। बस्तर में नकारात्मक और विभाजनकारी विचारों के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि हाल ही में बस्तरिया राज मोर्चा के संयोजक का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ समाजों को निशाना बनाकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई है।



युवाओं को भड़काने वाले ऐसे बयान कांकेर और पड़ोसी राज्य ओडिशा की हालिया घटनाओं के बाद आग में घी डालने जैसा हैं। यदि कोई व्यक्ति अपराध करता है, तो आरोप उसी व्यक्ति पर लगें, पूरे समाज को कटघरे में खड़ा करना गलत है। सोढ़ी ने समाज से अपील की कि भ्रामक और भड़काऊ भाषणों का विरोध दर्ज कराया जाए।
उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों में बस्तर के मूल समाजों और पदाधिकारियों के नामों का उल्लेख कर समर्थन की बात करना और अन्य समाजों के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करना सामाजिक विभाजन को बढ़ावा देता है, जो युवाओं के लिए घातक है।

# शिक्षक के सिखाए गए रास्ते पर चलकर छात्र सफलता के नए आयाम गढ़ सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

पीएम श्री नवोदय विद्यालय बारसूर में 2000 में पास आउट हुए विद्यार्थियों के सम्मान में रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। देश के कई शहरों से नवोदयन बारसूर पहुंचे और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। समारोह के मुख्य अतिथि लेखराज मीणा सहायक आयुक्त नवोदय विद्यालय समिति भोपाल एवं विशिष्ट अतिथि विवेक शुक्ला प्राचार्य जेएनवी कांकेर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य धर्मेंद्र यादव ने की। विद्यालय की नवोत्कर्ष पत्रिका का विमोचन भी किया गया। लेखराज मीणा ने पुरातन छात्र छात्राओं के उपलब्धियों की खूब प्रशंसा की। साथ ही पत्रिका नवोत्कर्ष में प्रकाशित विद्यार्थियों की रचनाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि दंतेवाड़ा जैसे क्षेत्र में पढ़ाई कर रहे इन प्रतिभावानों की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। इस सफल आयोजन के लिए स्कूल प्रबंधन विशेष रूप से प्राचार्य धर्मेंद्र यादव एवं सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों को साधुवाद देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कमाना की। उन्होंने प्राचार्य धर्मेंद्र यादव को एक डायनेमिक पर्सन की उपाधि दी। विशिष्ट अतिथि विवेक



शुक्ला ने कहा कि छात्र अपने शिक्षक द्वारा बताए एवं सिखाए गए रास्ते पर चलकर सफलता के नए आयाम गढ़ सकते हैं। प्राचार्य धर्मेंद्र यादव ने पुरातन छात्रों के उपलब्धियों को गिनाते हुए वर्तमान छात्रों से कहा कि जैसे इन लोगों ने कड़ी मेहनत और त्याग के बदौलत अपनी अलग अलग पहचान बनाई है वैसे ही आप सभी कड़े परिश्रम और लगन के साथ पढ़ाई कर अपनी पहचान बना सकते हैं। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण के प्राचार्य कुलदीप सिंह और सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट राजकुमार ने अपने विचार साझा करते हुए सभी छात्र छात्राओं को सफलता के मूल मंत्र बताए। कार्यक्रम को सन 2000 बैच के पास आउट पूर्व छात्र सदानंद प्रधान, अभिषेक दुबे एवं अन्य ने भी संबोधित करते हुए तब और अब की तुलना करते हुए कहा कि आज जितनी सुविधाएं और तकनीक पढ़ाई के लिए उपलब्ध उतनी सुविधाएं आज से 30 साल पहले नहीं थी। आप सभी इसका फायदा उठाकर खूब आगे बढ़े और विद्यालय का नाम रौशन करे। रजत समारोह के दौरान नवोदय के छात्र छात्राओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम के मेजबान 2001 बैच के 12 वीं पास आउट पूर्व विद्यार्थियों द्वारा अपने सभी सीनियर्स को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर 2001 बैच के पास आउट पूर्व छात्र और कोरबा के जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग,1999 बैच के पास आउट पूर्व छात्र शेषमणि द्विवेदी, सहित भारी संख्या में नवोदयन एवं पूर्व शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नवोदयन मनोज गुप्ता द्वारा किया गया।

## सौंदर्यीकरण के नाम पर लाखों का भ्रष्टाचार

# अपना अस्तित्व खो रहा आवापल्ली तालाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

तालाब के सौंदर्यीकरण और श्रमदान का लाखों रुपये डकार गये नेता और अधिकारी, सरपंच सचिव को मालूम नहीं, अधिकारियों के पास जवाब नहीं, कभी बारह महीनों लबालब पानी भरा रहने वाला तालाब सूखने के कगार पर है।

ज्ञात है कि मुख्यमंत्री रहते हुए भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में तालाबों के संरक्षण और संवर्धन के लिए पहल करते हुए वर्ष 2019-20 में आवापल्ली तालाब के जीर्णोद्धार के लिए लाखों रुपये की सौगात देते हुए 38 लाख की स्वीकृत राशि प्रदान की थी, लेकिन जीर्णोद्धार के नाम पर केवल मेंड बनाकर जनपद पंचायत अधिकारी एवं स्थानीय कांग्रेस के नेताओं ने अपनी जेबें भर ली। जब ग्राम पंचायत सरपंच-सचिव को इस बारे में पूछे जाने पर उन्हें इंकार कर दिया। आरटीआई कार्यकर्ता एवं आदिवासी युवा नेता अर्जुन गोटे नें सूचना का अधिकार के तहत जानकारी मांगी, जिन्हे ग्राम एवं जनपद पंचायत अधिकारियों नें जानकारी देने से साफ इंकार कर दिया। आलम यह है की हमेशा पानी से लबा लब भरा रहने वाला आवापल्ली का तालाब अपने अस्तित्व के आखरी पढ़ाव पर है औऱ अधिकारियो को इससे कोई सरोकार भी नहीं की तालाब का उसके अस्तित्व में दुबारा लाया जाये। सवाल यह है की पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा दिया हुए उसे पैसों का बंदरबांट किसने किया। बताया जा रहा है की एक कांग्रेस के नामी नेताओं में शुमार उस व्यक्ति को आवापल्ली तालाब के जीर्णोद्धार का ठेका दिया गया था।

■ पूर्व मुख्यमंत्री के स्वीकृत की गई राशि का सरपंच सचिव अधिकारियों के पास नहीं है हिसाब



### 38 लाख स्वीकृत की गई, लेकिन राशि कहां खर्च हुई कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं

*आवापल्ली का तालाब गांव की ऐतिहासिक धरोहर और जल स्तर बनाए रखने का एकमात्र साधन है लेकिन वर्षों से इसकी पूरी तरह उपेक्षा की जा रही है। न ग्राम पंचायत द्वारा श्रमदान किया गया और न ही जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई ध्यान दिया। पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा तालाब सौंदर्यीकरण हेतु 38 लाख रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की गई थी, लेकिन वह राशि कहां खर्च हुई, इसका कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगने पर भी अधिकारियों ने साफ इनकार कर दिया, जो गंभीर भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है। यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो तालाब का अस्तित्व पूरी तरह समाप्त हो जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।*

-अर्जुन गोटे,
जिलाध्यक्ष, सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग

# वीर बाल दिवस पर साहिबजादों को नमन, भाजपा का श्रद्धांजलि कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

वीर बाल दिवस के अवसर पर दशम गुरु गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों के अद्वितीय शौर्य, साहस और बलिदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। इस अवसर पर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला मुख्यालय स्थित बस स्टैंड परिसर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सिख समाज के सदस्यों को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

वीर बाल दिवस पर गुरु गोबिंद सिंह के छोटे साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह के बलिदान को विशेष रूप से याद किया गया। सिख समाज से बालक बिसमीत सिंह ने अपने उद्बोधन में साहिबजादों के त्याग और अदम्य साहस की गाथा सुनाई। उन्होंने बताया कि वर्ष 1705 ईस्वी में सरहिंद के नवाब वजीर खान ने साहिबजादों पर इस्लाम धर्म स्वीकार करने का दबाव बनाया, लेकिन मात्र 9 वर्ष की अल्प आयु में भी उन्होंने धर्म परिवर्तन से इंकार कर दिया। साहिबजादों ने जिंदा दीवार में चिनवाया जाना स्वीकार किया, पर अपने धर्म और सिद्धांतों से कोई समझौता नहीं किया। यह इतिहास की सबसे महान और निर्भीक शहादतों में से एक है। सिख समाज के सदस्य डॉ. राजेंद्र सिंह ने कहा कि साहिबजादों के बलिदान के महत्व को सही अर्थों में जन-जन तक पहुंचाने का कार्य भाजपा सरकार के आने के बाद हुआ है। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी ने धर्म की रक्षा के लिए अपने पूरे परिवार का बलिदान देकर देश को साहस, त्याग और राष्ट्रधर्म का मार्ग दिखाया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने कहा कि सिख धर्म के इतिहास में साहिबजादों का बलिदान अद्वितीय है। गुरु गोबिंद सिंह के चार पुत्रों में से दो बड़े साहिबजादों ने युद्धभूमि में वीरगति पाई, जबकि छोटे साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह ने बिना युद्ध किए भी अपने अडिग संकल्प और धर्मनिष्ठा से अमर बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 26 दिसंबर को 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाने का ऐतिहासिक निर्णय देश के बच्चों और युवाओं में राष्ट्रभक्ति, साहस और धर्मनिष्ठा की भावना को मजबूत करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा की जिम्मेदारी हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# धान खरीदी केंद्रों का कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधिमंडल द्वारा आज गीदम विकासखंड के प्रमुख धान खरीदी केंद्रों तुमनार, छिंदनार एवं गीदम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य धान खरीदी की जमीनी हकीकत जानना और किसानों को हो रही परेशानियों को सामने लाना रहा।

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा ने किसानों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और आश्वस्त किया कि कांग्रेस पार्टी किसान हितों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है।किसानों की प्रमुख समस्याएं एवं मांगें प्रति एकड़ 21 क्विंटल खरीदी लागू हो, चुनाव पूर्व घोषणा के अनुरूप 21 क्विंटल प्रति एकड़ के बजाय वर्तमान में केवल 12 क्विंटल धान ही लिया जा रहा है। शेष धान की खरीदी के लिए अधिकारियों के सत्यापन पर निर्भरता किसानों के लिए बड़ी परेशानी बन रही है। प्रतिदिन की खरीदी सीमा तत्काल हटाई जाए, दैनिक खरीदी लिमिट के कारण किसानों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। मांग की गई कि लिमिट हटाकर अधिकतम धान खरीदी सुनिश्चित की जाए।

खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी से बढ़ाकर 28 फरवरी की जाए, दंतेवाड़ा जिले में हुई अतिवृष्टि एवं भौगोलिक परिस्थितियों के कारण धान कटाई में देरी हुई है, इसलिए समय बढ़ाया जाना अत्यंत आवश्यक है। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने इन सभी मांगों को किसानों के हित में जायज बताते हुए शासन-प्रशासन से तत्काल निर्णय लेने की मांग की। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कमलोचन सेठिया, जिला महामंत्री रविश सुराना, जिला सचिव रजत दहिया, ऋषभ सुराना, अरुण मंसूरे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

■ किसानों की समस्याओं पर सख्त रुख, 3 प्रमुख मांगें रखीं






# कैंडल जलाकर वाजपेई को किया स्मरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

भोपालपटनम नगर पंचायत अंतर्गत हायर सेकेंडरी स्कूल के पास नवनिर्मित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा का लोकार्पण उनके जन्म दिवस के पावन अवसर पर श्रद्धा और सम्मान के साथ किया गया। अटल जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी भोपालपटनम मंडल के मंडल अध्यक्ष नरसिंह रेड्डी के नेतृत्व में अटल चौक मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सहभागिता निभाते हुए साफ-सफाई की।

कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर अटल चौक में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा कैंडल जलाकर श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी को स्मरण कर नमन किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि, कार्यक्रम अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा भारत माता एवं श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई के छायाचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं श्रीफल फोड़कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत-सम्मान किया गया। अपने संबोधन में वक्ताओं ने श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी के जीवन, व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि वे एक महान नेता, प्रखर वक्ता, संवेदनशील कवि एवं सादगीपूर्ण जीवन जीने वाले राष्ट्रपुरुष थे। वक्ताओं ने उनके कार्यकाल में किए गए पोखरण परमाणु परीक्षण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, तथा छत्तीसगढ़ सहित तीन नए राज्यों के गठन को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया और इस महान पुरुष को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जनसंघ के वरिष्ठ नेता चंद्रया, कीर्ति बापू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पेरे पुलैया, जिला पंचायत सदस्य कविता कोरम, पूर्व जिला जिला एनजीओ, प्रकोष्ठ के सह संयोजक श्रीनिवास कोयलकर पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी, नपं अध्यक्ष रिंकी कोरम, जपं अध्यक्ष सरिता कूड़ेम, नगर के गणमान्य नागरिक एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### श्यामगिरी में हुआ जन समस्या निवारण शिविर



**दंतेवाड़ा।** विगत दिवस जनपद पंचायत कुआकोंडा के ग्राम पंचायत श्यामगिरी, में क्लस्टर स्तरीय सम्मिलित 9 पंचायत का सुशासन सप्ताह शिविर एवं जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर संपन्न हुआ।
उक्त शिविर में 9 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, जनप्रतिनिधि, बिहान की दीदीया, ग्रामीण जन, किसान सम्मिलित हुए। शिविर के तहत कृषि विभाग द्वारा 15 किसानों को मिनी किट मूंग, मसूर, खाद वितरण, श्रम विभाग द्वारा 11 पंजीकृत श्रमिकों को श्रम कार्ड, समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरण एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई एवं अन्नप्राशन, कार्यक्रम किया गया। शिविर में कुल 214 आवेदन प्राप्त हुआ,जिसमें से 82 आवेदनो का शिविर में त्वरित निराकरण किया गया एवं शेष लंबित आवेदनों को संबंधित विभागों में प्रेषित कर समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए गए। इस मौके पर राजस्व विभाग, वन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, शिक्षा विभाग, मत्स्य विभाग, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग आदि विभागों द्वारा अपने विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई।

# आत्म समर्पित युवाओं को मिल रही जीवन की नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

पीएचई विभाग द्वारा दी गई जानकारी अनुसार भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्रामों में जल जीवन मिशन योजना के संचालन के लिए नल जल वितरण संचालक चयनित किए जायेगें। इस क्रम में इन चयनित व्यक्तियों युवाओं को लाइवलीहुड कॉलेज दंतेवाड़ा में नल जल वितरण संचालक का कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

कौशल प्रशिक्षण उपरांत कॉलेज द्वारा टूलकिट प्रदान कर पंचायत द्वारा नियुक्ति प्रदान की जाएगी। जिला प्रशासन के माध्यम से इस कौशल प्रशिक्षण में वर्तमान में आत्मसमर्पित नक्सली युवाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाये जाने का प्रयास किया जा रहा है ताकि वे जीवन को नए सपनों से संजोकर आगे बढ़े। इस अंतर्गत इन युवाओं को कौशल नल जल वितरण संचालक के रूप में उनकी इच्छा अनुसार अपने-अपने निवास ग्रामों में सेवाएं देने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रशासन द्वारा आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनरुद्धार के उद्देश्य से लाइवलीहुड कॉलेज में आवासीय प्रशिक्षण के साथ-साथ विभिन्न ट्रेडों जैसे नल जल वितरण संचालक, सोलर, इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर एवं अन्य ट्रेड में प्रशिक्षित किया जा रहा है। चुंकि आत्मसमर्पित युवाओं ने हिंसा का रास्ता छोड़ साधारण जीवन जीने हेतु प्रशासन का हाथ थाम कर एक नई दिशा में कदम बढ़ाना शुरू कर दिया है। अतः प्रशासन द्वारा भी इन युवाओं पुनर्स्थापन के लिए रोजगार के नये अवसर तलाशे जा रहे है। उन्हें नल जल वितरण संचालक का कौशल प्रशिक्षण दिया जाना भी इसी का सार्थक प्रयास है।



# भूमि अभिलेख पहल को मिला प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिले में लागू की गई ब्लॉकचेन आधारित भूमि अभिलेख डिजिटलीकरण पहल ने सुशासन और तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस अभिनव पहल को राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है, जो जिले के लिए गौरव का विषय है।

इस पहल के अंतर्गत पारंपरिक मैनुअल एवं कागजी प्रक्रियाओं को समाप्त करते हुए ब्लॉकचेन आधारित छेड़छाड़-रोधी डिजिटल प्रणाली लागू की गई। इसके माध्यम से भूमि अभिलेखों की सुरक्षा, पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित हुई है। जहां पहले भूमि संबंधी दस्तावेज प्राप्त करने में कई सप्ताह लग जाते थे, वहीं अब यह प्रक्रिया कुछ ही मिनटों में पूरी हो रही है। ब्लॉकचेन तकनीक के उपयोग से दस्तावेजी धोखाधड़ी की संभावनाएं पूरी तरह समाप्त हो गई हैं तथा राजस्व सेवाओं के त्वरित और प्रभावी प्रदाय में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। विशेष रूप से आदिवासी एवं दूरस्थ क्षेत्रों में इस पहल ने आम नागरिकों को सरल, पारदर्शी और भरोसेमंद सेवाएं उपलब्ध कराकर राजस्व प्रशासन के लिए एक नया मानक स्थापित किया है। ज्ञात हो कि राज्य शासन की मंशा अनुसार आमजनों की सुविधा के दृष्टि से सभी विभागों को ई-गवर्नेंस प्रणाली के तहत बहुउद्देश्यीय बनाने के लिए विशेष जोर दिया जा रहा है। इस क्रम जिले में भी भू-दस्तावेजों के डिजिटलाइजेशन की प्रक्रिया हेतु विशेष पहल की जा रही है। पूर्व समय में लोगों को अपने भू-अभिलेख की प्रतियां जैसे स्वामित्व अभिलेख, पंजीकरण, कैडस्ट्रल मानचित्र, बी-1, फॉर्म ए, प्लॉट रजिस्टर, फॉर्म सी (अधिकारों का अभिलेख), संशोधन, नामांकन, मानचित्र अभिलेख, मानचित्र स्वामित्व अभिलेख, मानचित्र स्केच, मानचित्र पूर्णता प्रमाणपत्र, मानचित्र पुनः क्रमांक दस्तावेज, मानचित्र स्वामित्व प्रमाणपत्र, मानचित्र अंतिम सत्यापन दस्तावेज आदि प्राप्त करने में बहुत सारा वक्त, संसाधन, और ऊर्जा खपानी पड़ती थी। परन्तु अब कुछ ही क्षणों में भू अभिलेख कार्यालय अथवा किओस्क सेंटरों से लोगों को अपने भू-दस्तावेज की नकल या प्रति प्राप्त हो सकेगी।

जो दूर दराज से आने वाले ग्रामीणों के लिए बेहद राहत का सबब होगा। इसके लिए सिर्फ उन्हें अपना नाम और खसरा नम्बर, देना होगा। और उनके भू-अभिलेख से संबंधित सभी डाटा, नक्शा, स्वामित्व प्रमाण पत्र, इत्यादि सिस्टम में उल्लेखित हो जाएगें।



## खबर संक्षेप

### तीन दिनी प्रो-कबड्डी व वॉलीबॉल स्पर्धा 28 से

**दुर्गुकोंदल।** पंचायत स्तरीय खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से जनजागृति युवा समिति ग्राम दरगढ़ द्वारा प्रो-कबड्डी एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। यह तीन दिवसीय प्रतियोगिता ग्राम पंचायत कोण्डे अंतर्गत ग्राम दरगढ़ में 28 से 30 दिसंबर तक आयोजित होगी। आयोजन को लेकर क्षेत्र के खेल प्रेमियों एवं युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग प्रो-कबड्डी, पुरुष वर्ग वॉलीबॉल तथा महिला वर्ग प्रो-कबड्डी स्पर्धाएं आयोजित होंगी। पंचायत स्तरीय इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के सभी खिलाड़ियों को सादर आमंत्रित किया गया है। पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 8001 रुपए एवं ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 4001 रुपए एवं ट्रॉफी तथा तृतीय पुरस्कार 2001 रुपए एवं ट्रॉफी रखी गई है। पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 4001 रुपए एवं द्वितीय पुरस्कार 2001 रुपए निर्धारित किया गया है। महिला वर्ग प्रो-कबड्डी में प्रथम पुरस्कार 3001 रुपए एवं द्वितीय पुरस्कार 1501 रुपए के साथ ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

### साइबर ठगी से सावधान रहने की अपील की

**कांकेर।** आरटीओ ई-चालान के नाम पर साइबर ठगी के मामलों में वृद्धि को देखते हुए परिवहन विभाग ने आम नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है। कार्यालय परिवहन आयुक्त द्वारा बताया गया है कि कुछ साइबर अपराधी विभागीय वेबसाइट का क्लोन पेज बनाकर फर्जी ई-चालान के संदेश भेज रहे हैं और लोगों को ट्रैफिक नियम तोड़ने का डर दिखाकर उनके बैंक खाते से पैसे चुरा रहे हैं।

## निधन

### गौरीबाई निषाद



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम सुरगदोह निवासी गौरीबाई निषाद का आकस्मिक निधन हो गया, वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थीद्ध उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम सुरुगदोह में किया गया, जिसमें रिश्तेदार ग्रामवासी उपस्थित रहे। वे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं क्रांतिकारी स्व इंद्ररू केवट की बहू एवं भागीरथी निषाद केवट समाज कोषाध्यक्ष की माता थी।

**सम्मेलन :** प्रत्येक व्यक्ति को अपने कर्तव्यों और संस्कारों के प्रति सजग रहना चाहिए

# छोटेकापसी के सम्मेलन में गूंजा 'हिंदू जागा तो विश्व जगेगा' का नारा, उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पखांजुर/छोटेकापसी





छोटेकापसी स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण शनिवार 27 दिसंबर को सांस्कृतिक और धार्मिक ऊर्जा का केंद्र बन गया। यहां आयोजित भव्य 'हिन्दू सम्मेलन' में हजारों ग्रामीणों, मातृशक्ति और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम स्थल पर उमड़ी भीड़ और उठते नारों ने इस सम्मेलन को यादगार बना दिया। उपस्थित लोगों ने एक स्वर में उद्घोष किया हिन्दू जगा, तो विश्व जगेगा, जो इस सम्मेलन का मुख्य संदेश बन गया। आयोजन समिति द्वारा पूरी तरह से तैयार किए गए इस कार्यक्रम में छोटेकापसी के अलावा आसपास के दर्जनों गांवों से लोग ट्रैक्टर, गाड़ियां और पैदल ही पहुंचे। जैसे ही लोग कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे, पूरे परिसर में जय श्री राम के जयकारों की गूंज सुनाई दी। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म की रक्षा, उसकी एकता और संस्कृति के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस मौके पर वरिष्ठ वक्ताओं ने शुद्ध सनातन परंपराओं का पालन करने और ऋषि-मुनियों की शिक्षाओं पर चलने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि आज के समय में धार्मिक और सामाजिक चेतना को मजबूत करने की आवश्यकता है और प्रत्येक व्यक्ति को अपने कर्तव्यों और संस्कारों के प्रति सजग रहना चाहिए। धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज में सामंजस्य और एकता बढ़ाने का माध्यम बन सकते हैं। आयोजन समिति ने सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया, जिनकी सहभागिता ने सम्मेलन को ऐतिहासिक बना दिया। छोटेकापसी स्थित यह हिन्दू सम्मेलन यह साबित करता है कि ग्रामीण क्षेत्र में भी धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से लोगों में जागरूकता और अनुशासन को बढ़ावा दिया जा सकता है। यह आयोजन एक नए उदाहरण के रूप में सामने आया है, जहां धर्म, संस्कृति और समाज की समरसता का संगम देखा गया। इस आयोजन ने यह स्पष्ट कर दिया कि सांस्कृतिक चेतना और धार्मिक एकता केवल समारोह तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे जीवन में अपनाना और समाज में फैलाना आवश्यक है।

### आदर्शों को जीवन में उतारने का लिया संकल्प

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने प्रेमपूर्ण व्यवहार और सनातन धर्म के आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया। उन्होंने यह भी प्रतिज्ञा की कि वे अपने परिवार और समाज में संस्कार, सदाचार और धार्मिक चेतना का प्रचार करेंगे। इस प्रकार यह सम्मेलन न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक जागरूकता का प्रतीक बन गया, बल्कि सामाजिक समरसता और एकता का भी संदेश फैलाया।

### कार्यक्रम में यह रहे शामिल

भव्य सम्मेलन में भाजपा के स्थानीय जनप्रतिनिधि और मंडल के पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष अजय बाछाड़, जिला उपाध्यक्ष दीपंकर दत्ता, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मोनिका साहा, महामंत्री अमित दास, बिमल साहा, बसंत जुर्री, मलय दास, सुजय हालदार, पंकज परामानिक, स्वरूप चक्रवर्ती, अमर ब्रह्मचारी सहित सैकड़ों ग्रामीणजन उपस्थित रहे। उन्होंने न केवल सम्मेलन में हिस्सा लिया, बल्कि इसे सफल बनाने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# चारामा में अवैध शराब कारोबार का भंडाफोड़, 26 पौवा मदिरा बरामद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर




थाना चारामा क्षेत्र अंतर्गत अवैध शराब के विरुद्ध पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गश्त एवं पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस ने एक महिला को अवैध रूप से देशी शराब का भंडारण एवं बिक्री करते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। आरोपी के कब्जे से बड़ी मात्रा में देशी मदिरा एवं नगद राशि जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

जिले के थाना चारामा क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 26 दिसंबर की देर रात को पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि बाजारपारा चारामा निवासी रेखा सोनकर नामक महिला अपने घर के परछी में अवैध रूप से देशी शराब रखकर बिक्री कर रही है।

मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंचने पर आरोपी महिला रेखा सोनकर पति राजेश सोनकर उम्र 32 वर्ष निवासी बाजारपारा चारामा मिली। पूछताछ करने पर उसने अवैध शराब बिक्री करना स्वीकार किया तथा स्वयं अपने घर के परछी से एक कपड़े के थैले में रखी प्लेन देशी मदिरा के 26 नग पौवा, प्रत्येक 180 एमएल, कुल 4.680 लीटर देशी शराब गवाहों के समक्ष जब्त किया गया। आरोपिया को धारा 94 बीएनएसएस का नोटिस देकर वैधानिक दस्तावेज मांगे गए, जो उसके पास नहीं पाए गए। मौके से जप्त शराब की कुल कीमत 2080 रुपए आंकी गई, साथ ही शराब बिक्री से प्राप्त 400 रुपये नगद भी जप्त किए गए। समस्त जप्त सामग्री को विधिवत सीलबंद कर पंचनामा तैयार कर पुलिस कब्जे में लिया गया।

आरोपिया का कृत्य धारा 34 (1) (क) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अपराध पाए जाने से मौके पर देहाती नालसी अपराध क्रमांक 0/25 दर्ज कर विवेचना में लिया गया। बाद में उक्त देहाती नालसी पर थाना चारामा में विधिवत नंबरी अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। थाना चारामा पुलिस द्वारा आगे भी इसी प्रकार अवैध गतिविधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# तालाकुर्रा में कलश यात्रा निकाली हर्षोल्लास से मनाया शक्ति दिवस



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

तालाकुर्रा में आदिवासी हल्बा समाज 36गढ़ केंद्रीय महासभा द्वारा हर्षोल्लास व उमंग के साथ नारी शक्ति के द्वारा विशाल कलश शोभा यात्रा ग्राम के सभी मोहल्ले में निकाल कर वापिस शक्ति दिवस प्रांगण पहुंच समाज प्रमुखों की उपस्थित में ध्वजारोहण कर शक्ति दिवस मनाया गया।

मंच में विरजामन हल्बा समाज के महिला कलाकरों द्वारा शानदार सुआ गीत, नृत्य, बिहाव गीत नृत्य, टिकावन गीत और पारपंरिक वेशभूषा के साथ चैट नाचा प्रतुस्त किया। गांव के होनहार युवा युवती जो शासकीय सेवा में नियक्ति पाए,10वीं व 12वीं में 70 प्रतिशत अंक अर्जित किए ऐसे प्रतिभावन बच्चों का मोमेंटो देकर सम्मान किया गया और साथ ही रंगोली, निबंध और चित्रकला का आयोजन किया गया। प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जोगीराम नुरूटी, हल्बा समाज अध्यक्ष गौतम गांवर, विशिष्ट अतिथि सरपंच विनोद रावटे, संजय जैन, पंचगण दयाराम सलाम,पूरनलाल साहू, कुंवरलाल उइके, धनेश्वरी रावटे, सुमित्रा नुरुटी, सगुना नुरुटी, रामकुमारी भुआर्य, तामेश्वर साहू, कुलेश्वर मार्गीया, बुंदेल सिंग रावटे, मोहन बढ़ाई, युगलकिशोर भुआर्य, रोहित खावार्य, महेश भुआर्य, लादू राम रावटे, गिरधर मार्गीया, मोहन नुरुटी, बलराम सिन्हा, राजू वैष्णव, रामरतन जैन शामिल रहे।

# मेटाघमरे में हल्बा समाज ने उत्साह से मनाया शक्ति दिवस महापर्व



**दुर्गुकोंदल।** आदिवासी हल्बा समाज की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा, सामाजिक एकजुटता और आस्था का प्रतीक शक्ति दिवस ग्राम मेटाघमरे में इस वर्ष भी भव्य रूप से मनाया गया। पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला, जहां समाज के महिला-पुरुष, युवा और बुजुर्गों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। यह पर्व समाज की कुलदेवी मां दंतेश्वरी के प्रति आस्था, शक्ति और एकता का प्रतीक माना जाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य धनसाय हुर्रा ने शक्ति दिवस के सामाजिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शक्ति दिवस केवल एक धार्मिक या सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज की एकता, आत्मबल और संगठन शक्ति को सुदृढ़ करने वाला महापर्व है। यह पर्व हमें हमारी जड़ों से जोड़ता है और नई पीढ़ी को समाज की गौरवशाली परंपराओं से परिचित कराता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ रमभरोष टोहालिया ने समाज में आपसी भाईचारे, सहयोग और सांस्कृतिक मूल्यों को बनाए रखने का संदेश दिया। विशेष अतिथि ग्राम गायता सांन्तु जाड़े, ग्राम पंचायत सराधू घमरे के सरपंच मने सिंह सलाम एवं उपसरपंच हीरोतिन दर्रो उपस्थित रहे। इनके अलावा अभिषेक ठाकुर, कृष्णा टोहालिया, राधेश्वर टोहालिया, मानसू आचला, नंद कुमार गुरुवार, गंगा समरथ, अली समरथ, अंकलू समरथ, कैलास टोहालिया सहित अनेक समाजसेवी और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के पारंपरिक स्वागत के साथ हुई, जिसमें फूलमालाएं और बुके भेंट किए गए। यह आयोजन न केवल हल्बा समाज की एकता का प्रतीक बना, बल्कि ग्राम मेटाघमरे में सांस्कृतिक सौहार्द की एक नई मिसाल भी कायम किया गया।

# जनपद सभापति ने टिना शेड निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर विकास की नई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत परभेली के आश्रित ग्राम गुमड़ी में जनपद सभापति के प्रयास से जिला खनिज न्यास निधि द्वारा स्वीकृत 19 लाख से अधिक की लागत वाले टीन शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन संचार एवं संकर्म सभापति विकास राजू नायक और सरपंच कन्हैया पात्र एवं ग्राम गायता मन्नू जाड़े के द्वारा किया गया।

भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सभापति ने कहा कि टीना शेड निर्माण कार्य का भूमि पूजन पारंपरिक विधि-विधान के साथ मुख्य चौक बाजार हटवारा के सामने प्रस्तावित जगह पर संपन्न हुआ। शेड निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत की। आपके बताते हुए हर्ष हो रहा है कि मोदी की गारंटी, विष्णु के सुशासन और सांसद की विकास परक सोच से क्षेत्र के विकास की निरंतरता बनेगी साथ ही दोगुनी गति से विकास के कार्य होंगे। इसके लिए हम क्षेत्रवासियो की ओर से सभी नेताओं का आभार व्यक्त करते है। ग्रामीण अंचलो को लाभ दिलाने के उद्देश्य को पूरा करने का यह पहला कदम है, जो जनसुविधाओं और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है।

ग्रामीणों ने कहा कि जनपद सभापति विकास की मेहनत रंग लायी और आपके लगातार प्रयास से यह संभव हो पाया है, ग्रामवासियों का कहना है कि लंबे समय से शेड निर्माण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। बरसात और तेज धूप के दौरान किसी भी कार्यक्रम के आयोजन में कठिनाई आती थी। शेड निर्माण के बाद यह समस्या दूर होगी और ग्रामीणों को एक सुरक्षित व्यवस्थित स्थान उपलब्ध होगा। आपकी नेतृत्व क्षमता और समाज के प्रति समर्पण प्रशंसनीय है। आपने साबित कर दिया कि युवा भी बड़े बदलाव ला सकते हैं, जिस तरह आप ज़रूरतमंदों के लिए खड़े होते हैं और उनके हक के लिए लड़ते हैं, वह प्रेरणादायक है।

भूमिपूजन कार्यक्रम में राजकुमार उसेंडी, नरेश दीवान, बीरेंद्र देहारी, अनिल गावड़े, उमेश कोला, बिश्राम दुग्गा, हिरऊ कोला, हीरालाल जाड़े, बालसिंह गावड़े, कृष्णा दुग्गा, चैतराम गावड़े, फगनू नुरुटी, घसिया पुड़ो, बिदेसिंह दुग्गा, मेरसिंह कोमरा, बिनेश कोला सहित युवा उपस्थित रहें।

# आंबा बच्चों के साथ मनाया पिकनिक उत्सव, बच्चों के चेहरों पर दिखी खुशी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल



दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत कोदापाखा में गुरुवार को आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के लिए पिकनिक उत्सव का आयोजन किया गया। ग्राम की तीनों आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से इस कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चों के लिए यादगार पल बनाए। सुरक्षित वातावरण और उल्लासपूर्ण माहौल में आयोजित इस पिकनिक में बच्चों ने भरपूर आनंद लिया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सिया बाई ध्रुव, बीरम नरेटी एवं सुनती पोटाई ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को गांव के लाड़ी क्षेत्र में एक सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। वहां बच्चों के लिए खीर, पूरी, पनीर सहित अन्य स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजनों की व्यवस्था की गई। बच्चों ने एक साथ बैठकर भोजन किया, जिससे उनमें आपसी मेलजोल और सामूहिकता की भावना भी विकसित हुई। कार्यकर्ताओं ने बताया कि पिकनिक का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि बच्चों का सर्वांगीण विकास भी था। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए नृत्य प्रतियोगिता, कविता पाठ, कहानी सुनाने जैसे विविध मनोरंजक और शिक्षाप्रद कार्यक्रम आयोजित किए गए।

बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ इन गतिविधियों में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम स्थल पर बच्चों की हंसी-खुशी और चहल-पहल से वातावरण पूरी तरह जीवंत नजर आया। इस अवसर पर ग्राम की गर्भवती माताओं को भी आमंत्रित किया गया, जिन्हें पौष्टिक भोजन कराया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को पोषण संबंधी जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें संतुलित आहार के महत्व से भी अवगत कराया गया, ताकि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सके। पिकनिक उत्सव के सफल आयोजन में आरएचओ सुनीता नेताम, आंगनबाड़ी सहायिका दयाबत्ती उयके, योगिता ध्रुव, सूरजबत्ती कल्लो, नमिता मातलाम, सरोज पोटाई, देवेंद्र नरेटी एवं संदीप पोटाई का विशेष योगदान रहा। सभी के सहयोग से कार्यक्रम सुव्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों का मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास होता है। पिकनिक उत्सव ने बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी और यह दिन उनके लिए

# राजिम जयंती में शामिल होगा साहू समाज, की कार्यकारिणी का गठन




**भानुप्रतापपुर।** छत्तीसगढ़ के राजिम में भक्तिन माता राजिम की जयंती 7 जनवरी को धूमधाम से मनाई जाती है, जिसके लिए साहू समाज और स्थानीय प्रशासन तैयारियों में जुटा है। 2026 की जयंती को भव्य बनाने के लिए लगातार बैठकें हो रही हैं। इसी क्रम में तहसील साहू समाज का बैठक आयोजित हुआ, जिसमें आयोजन में माता राजिम के त्याग और तपस्या को याद करने के लिए तहसील साहू समाज भानुप्रतापपुर इस महत्वपूर्ण उत्सव में शामिल होने पर चर्चा किया गया। तहसील साहू समाज के बैठक में कार्यकारणी का भी गठन किया गया है। जगदीश साहू की सभापत्य में और तहसील अध्यक्ष गुलाब साहू के अध्यक्षता में तथा समस्त तहसील पदाधिकारियों, समस्त परिक्षेत्र पदाधिकारियों, समस्त ग्रामीण पदाधिकारियों, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ, स्वजातीय बंधुओ, माताओं के सर्वासम्मति से व्यास साहू को सचिव और मोहित साहू को कोषाध्यक्ष चुना गया। कार्यकारणी गठन में रामविलास साहू, आशाराम साहू, रमेश साहू, राजकुमार साहू, अनिल साहू, चन्द्रहास साहू, फलेश्वर साहू, होमलाल साहू को कार्यकारणी सदस्य बनाया गया है। इसी तरह सरक्षक में गोविन्द साहू, सियाराम साहू,फागुराम साहू, शिवराम साहू,आडिटर होमन लाल साहू,कोर कमेटी भुनेश्वर साहू, हेमंत साहू, सुखदेव साहू, उमेश्वर साहू, दिनेश साहू, डॉ ताराचंद साहू, रामजी साहू, सुरक्षा सलाहकार भीखम साहू, छत्रपाल साहू, न्याय प्रकोष्ठ रामाराम साहू संयोजक, बद्रीनाथ साहू, लखन साहू, पन्ना साहू, शरस्वती साहू, बिहारी साहू, दिनेश्वर साहू। महिला प्रकोष्ठ मीना साहू सेलेगाँव, मीना साहू मरकाटोला, सलाहकार रामदेव साहू, कमोद हिरवानी, ठाकुर राम साहू, कर्मचारी प्रकोष्ठ प्रदीप साहू, दुष्यंत साहू, चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ. माखन गंजीर, डॉ. कुंदन सर्वसा, डॉ. थाकेश्वर साहू, युवा प्रकोष्ठ महेंद्र गंजीर अध्यक्ष, देवेंद्र साहू उपाध्यक्ष, वेदप्रकाश साहू सचिव, मिडिया प्रभारी सर्वेश साहू आदि पदाधिकारी एवं कार्यकारणी का गठन किया गया। इस अवसर पर दिनेश साहू, प्रेमलाल साहू, लिकेशवरी साहू, पार्वती साहू, बिसाहीन साहू, धनेशवरी साहू, रीता साहू, हेतराम साहू, खेमन साहू, तामेश्वर साहू, ध्रुव साहू, रमेश सोनगेड़, गोपाल साहू, रामा साहू, फागुराम साहू, सोमन साहू आदि सामाजिक सदस्यों की उपस्थिति रही।

**तौल प्रक्रिया और भुगतान की जानकारी ली**

# धान खरीदी केंद्र गोड़पाल का विधायक सावित्री ने निरीक्षण और व्यवस्था परखी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम आटेकसा के प्रवास के दौरान भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने धान खरीदी केंद्र गोड़पाल का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में किसानों को दी जा रही सुविधाओं, धान तौल की प्रक्रिया, भुगतान व्यवस्था, बारदाना उपलब्धता तथा कर्मचारियों की उपस्थिति की जानकारी ली। विधायक ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी ढंग से धान खरीदी सुनिश्चित की जाए। विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि धान खरीदी केंद्र किसानों के लिए महत्वपूर्ण स्थल है। जहां समयबद्ध तौल, त्वरित भुगतान और सुचारु व्यवस्था प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि कतारबद्ध व्यवस्था बनाए रखी जाए तथा बुजुर्ग एवं दिव्यांग किसानों को प्राथमिकता दी जाए। निरीक्षण के दौरान कुछ छोटे-मोटे अव्यवस्थाओं की जानकारी मिलने पर उन्होंने तत्काल सुधार के निर्देश दिए। धान खरीदी केंद्र के निरीक्षण के पश्चात ग्रामीणों के आग्रह पर विधायक ने गोड़पाल नाला का भी निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में नाले में पानी बढ़ जाने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों, किसानों तथा मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। नाले के कारण ग्राम आटेकसा सहित आसपास के गांवों का संपर्क कई दिनों तक टूट जाता है। स्थिति का जायजा लेने के बाद विधायक ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि गोड़पाल नाला पर शीघ्र ही पुलिया निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह समस्या लंबे समय से चली आ रही है और पुलिया निर्माण से क्षेत्रवासियों को स्थायी राहत मिलेगी। संबंधित विभाग को प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, विजय धामेचा, गोपाल राठी, सुखचंद प्रजापति सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# पीएम आवास में लापरवाही, 17 सचिवों व 2 तकनीकी सहायकों का रोका गया वेतन

**पखांजूर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने और समीक्षा बैठक से नदारद रहने वाले कर्मचारियों पर जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कड़ा रुख अपनाया है। योजना की धीमी प्रगति और अनुशासनहीनता को देखते हुए 17 ग्राम पंचायत सचिवों और 2 तकनीकी सहायकों का वेतन काटने के आदेश जारी किए गए हैं। हाल ही में जनपद पंचायत कार्यालय में प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा के लिए बैठक बुलाई गई थी। इस महत्वपूर्ण बैठक में कई कर्मचारी बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहे। सीईओ ने इसे कार्य के प्रति घोर लापरवाही और शासन के आदेशों की अवहेलना मानते हुए, अनुपस्थित रहने वाले 17 सचिवों का एक दिन का वेतन काटने अवैतनिक करने की त्वरित कार्रवाई की है। केवल वेतन कटौती ही नहीं, बल्कि भविष्य के लिए भी सख्त चेतावनी दी गई है। कार्य में सुधार न लाने वाले 2 सचिवों की वेतन वृद्धि रोकने के लिए वरिष्ठ कार्यालय को प्रस्ताव भेजने की तैयारी कर ली गई है। योजना की मॉनिटरिंग के लिए जिम्मेदार 2 नोडल अधिकारियों का भी एक दिन का वेतन काटा गया है। उन्हें स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि यदि निर्धारित लक्ष्य पूरे नहीं हुए, तो उनकी सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जाएगी। जनपद सीईओ उदय प्रकाश नाग ने कड़े लहजे में कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजना है, जिसमें किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे समय सीमा के भीतर आवंटित लक्ष्यों को पूरा करें, अन्यथा आने वाले समय में और भी कठोर दंडात्मक कदम उठाए जाएंगे।